यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए रोड कट्स को बंद कराएं पुलिस : कलेक्टर

श्रीगंगानगर,(कासं)। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए रोड कट्स को बंद करने के लिये पीडब्लयूडी और यातायात पुलिस को निर्देश दिए।

बैठक में यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए रोड कट्स को बंद करने के लिये निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि पीडब्लयूडी और यातायात पुलिस द्वारा उक्त कार्रवाई जल्द पूर्ण की जाए। सुखाड़िया सर्किल के सौन्दर्यकरण कार्य की प्रगति पर चर्चा करते हुए जिला कलेक्टर ने नगर विकास न्यास को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि अन्य चौराहों का भी सौन्दर्यकरण समुचित रूप से करवाया जाए।

सुखाड़िया सर्किल, चहल चौक, मीरा चौक, किसान चौक पर ट्रैफिक लाइट शुरू करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्य मार्गों का भी सौन्दर्यकरण करवाया जाए। डिवाइडर और सड़क किनारे पौधरोपण करने के लिए नगर विकास न्यास, वन विभाग सहित अन्य को निर्देशित किया गया। बैठक में कहा कि यातायात नियमों के अनुसार जिले में बाल वाहिनियों का संचालन किया जाए। परिवहन विभाग की ओर से वाहन चालकों की नियमित कार्यशाला आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाये। सड़क किनारे से सूखे पेड़ों और झाड़ियों को हटाने संबंधी कार्य की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि वन विभाग, नगर विकास न्यास, एनएचएआई, नगर परिषद के साथ-साथ पीडब्लयूडी भी नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाए।

हरियालो राजस्थान के तहत जिले में अधिकाधिक पौधरोपण के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि पौधारोपण में आमजन और विभिन्न संगठनों के साथ-साथ सबकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सड़क सुरक्षा नियमों की पालना नहीं करने, नशा करके वाहन चलाने और ओवरलोडेड वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही के लिए जिला परिवहन विभाग को निर्देश दिए। जर्जर भवनों के स्थान पर पार्किंग स्थल विकसित करने के लिये पीडब्लयूडी और नगर विकास न्यास को निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को आवश्यक सहायता मिल सके।

इसके लिए संबंधित विभाग तत्काल संवेदनशीलतापूर्वक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान आईआरएडी मैनेजर हरविन्दर सिंह द्वारा पीपीटी के माध्यम से एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एएसपी रघुवीर शर्मा, पीडब्लयूडी एसई भीमसेन स्वामी, सीओ ट्रैफिक रमेश माचरा, सीडीईओ गिरजेशकान्त शर्मा, डीटीओ देवानंद, डॉ. मुकेश मेहता, नगर परिषद आयुक्त रविन्द्र यादव, नगर विकास न्यास एक्सईन सुरेन्द्र पूनिया, एनएचएआई अधिकारियों सहित अन्य मौजूद रहे। स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित होने वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा पर्यवेक्षण हेतु जिला निष्पादक समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रभावी कार्य योजना बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ड्रॉप आउट बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें पढ़ने के लिए जागरूक करें। हरियालो राजस्थान के तहत आधिकाधिक पौधरोपण करने और

- **जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने यह निर्देश दिए**

उनकी देखभाल करने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि नाकारा सामान का निस्तारण नियमानुसार किया जाए। श्रमदान के तहत राजकीय भवनों और विद्यालयों की छतों की मरम्मत और साफ-सफाई के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बरसाती सीजन के मद्देनजर जर्जर भवनों में अध्ययन कार्य नहीं किया जाए। जर्जर भवनों की मरम्मत और कक्षा कक्ष निर्माण के प्रस्ताव लेकर उक्त कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्त गंगानगर अभियान के तहत समस्त विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता गतिविधियां की जाएं।

आचार्य दूसरी बार निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश निर्वाचन अधिकारी उमराव लाल वर्मा ने संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की।

निर्विरोध निर्वाचित होने की श्रंखला में बीकानेर के शिक्षक नेता रवि आचार्य प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार तथा नोखा के ओमप्रकाश विश्नोई को मंडल उपाध्यक्ष चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। इसके साथ रमेश पुष्करणा प्रदेश अध्यक्ष चितौड़, महामंत्री महेन्द्र लखारा अजमेर, बसन्त जिन्दल अतिरिक्त महामंत्री जयपुर, रूपाराम रलिया प्रदेश उप सभाध्यक्ष जोधपुर, प्रदेश उप सभाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा जयपुर, सभाध्यक्ष सम्पत सिंह सीकर, प्रदेशमंत्री अमरजीत सिंह पाली, प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश कछावा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सुषमा विश्नोई, महिला मंत्री गीता जेलिया जयपुर निर्विरोध निर्वाचित हुए है। प्रदेश कार्यकारिणी में कुल नो मंडल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है।

सार-समाचार

संभागीय आयुक्त का स्वागत किया

बीकानेर, (कासं)। मीणा समाज ने बीकानेर के संभागीय अध्यक्ष बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में आज संभागीय आयुक्त बीकानेर के पद भार ग्रहण करने पर विश्राम मीणा का माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके मीणा समाज बीकानेर द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त मीणा ने समाज से वार्ता करके समाज के विकास कार्यों के बारे में चर्चा की। मीणा समाज के अध्यक्ष मीणा ने बताया कि मीणा श्मशान भूमि में दो बीघा मोक्ष धाम जमीन है। समाज के लिए छात्रावास आवंटन हुई है और अब समाज के लिए सामुदायिक भवन के लिए प्रयासरत है। समाज के अधिकारी गणमान्य मानाराम मीणा, मोहनलाल मीणा, भागीरथ मीणा, करणलाल मीणा, गोवर्धन लाल मीणा, दिनेश कुमार मीणा, अजय मीणा, जितेन्द्र मीणा, मनीष मीणा, अंकित मीणा, राहुल मीणा, तुलसी राम मीणा आदि ने स्वागत किया।

युवक को लाठी-डंडों से पीटा

नोखा, (कासं)। क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद के बाद एक युवक पर हमले का मामला सामने आया है। बोलेरो में आये 6 लोगों ने लाठी-डंडों से युवक से मारपीट की। हमले में युवक के पैर की हड्डी टूट गई। हमले को लेकर थाने में मामला दर्ज हुआ है। रासीसर पुरोहितान निवासी पीड़ित मोहित बिश्नोई ने बताया कि 24 जून को मोहित के परिवार और हडमान के परिवार के बच्चों के बीच क्रिकेट खेलते समय बहस हो गई थी। इसके बाद हडमान ने धमकी दी थी। घटना वाले दिन मोहित अपने दो साथियों दीपाराम और नरेन्द्र के साथ घर जा रहा था। रास्ते में हडमान ने फोन पर किसी को बुला लिया। कुछ देर बाद एक बोलेरो में रविन्द्र, मोहित, ऋषभ, सुनिल और मुकेश रिछपाल आ गए। सभी आरोपियों के पास लाठियां थी। हडमान के हाथ में 3-4 फीट लम्बी लोहे की चाबी थी। हडमान ने चाबी से मोहित के दाहिने पैर पर वार किया। मोहित गिर गया और सभी ने लाठियों और लातों से उस पर हमला कर दिया। मोहित के शोर मचाने पर दीपाराम और नरेन्द्र मदद के लिए आए। आरोपी बोलेरो में बैठकर फरार हो गए। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान पता चला कि मोहित के पैर की हड्डी टूट गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लॉटरी की जरूरत नहीं, 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर मिलेगा प्रवेश

बीकानेर, प्रदेश के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एडमिशन के लिए अब लॉटरी की जरूरत नहीं होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने आदेश जारी कर हिंदी माध्यम स्कूलों की तरह इन स्कूलों में भी पूरे साल एडमिशन की अनुमति दे दी है। लॉटरी के बाद रिक्त रहने वाली सीटों पर पूरे सत्र में कभी भी आवेदन किया जा सकता है। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को हिंदी माध्यम स्कूलों की अंतिम तिथि तक ही प्रवेश दिया जाएगा। निदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इन स्कूलों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। इस दौरान प्रदेशभर में सीट से ही कम आवेदन मिले। इस वर्ष 3,737 विद्यालयों ने लॉटरी प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें 50,657 आवेदनकर्ताओं द्वारा 78,205 स्कूल चॉइस भरी गई। लॉटरी के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को 25 जून तक अपनी ऑनलाइन रिपोर्टिंग पूरी करनी थी।

सीवरेज, मैनहोल, नाले की लोकेशन जानने के लिए 3 करोड़ खर्च होंगे

बीकानेर, (कासं)। कुछ समय बाद आप शहर में किसी भी सड़क पर खड़े हों। उस सड़क के नीचे कौन- कौन सी लाइनें जा रही हैं। उसका आप सिर्फ अपने मोबाइल से पता लगा सकते हैं। सीवरेज लाइन कितने फीट पर है। पाइप लाइन कितनी नीचे है या नाला-नाली है या नहीं। नगर निगम केन्द्र सरकार की मदद से शहर के 950 किमी नाले, 350 किमी लम्बे नाले, 2000 किमी पाइप की लोकेशन बतायेगा। इससे कहीं भी सड़क की खुदाई से पहले ये पता लग जायेगा कि कहां पर कौन सी लाइन और कितनी गहरी या चौड़ी है।

दरअसल केन्द्र सरकार की ओर से शहरी सुधार के लिए आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय की ओर से दो भाग में राशि निर्धारित की गई। पहले भाग में 13000 करोड़ और दूसरे भाग में 5000 करोड़ रूपए। दूसरे भाग में एक नगर निगमों में डिजिटिलाइजेशन का है। राजस्थान के सारे नगर निगमों से इसके प्रस्ताव मांगे गए हैं। बीकानेर नगर निगम ने भी इसका प्रस्ताव बनाया है।

खर्चा करीब 3 करोड़ आंका गया है। जीआईएस पद्धति से डिजिटिलाइजेशन होगा। ये तकनीकी एक कंप्यूटर आधारित प्रणाली है जो भौगोलिक डेटा को इकट्ठा करके उसका विश्लेषण करते हैं। इसमें नक्शा आदि भी गूगल मैप की तरह होता है। कोई भी लोकेशन डालने पर ये आपको उस जगह तक पहुंचा देगा। निगम प्रस्ताव बनाकर भेज रहा है। माना जा रहा है कि प्रदेश के ज्यादातर निगमों से ये प्रस्ताव जायेंगे। क्योंकि पूरा खर्चा केन्द्र सरकार देगी। बीकानेर शहर में सीवरेज के करीब 30 हजार मैनहोल हैं। एक किमी में औसतन 3 मैनहोल होते हैं। अक्सर मैनहोल गायब हो जाते या ओवरफ्लो होते हैं। नगर निगम एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत करीब 100 मैनहोल में एक ऐसा सेंसर लगाने जा रहा है जो ओवरफ्लो होने से पहले ही एक बीप के मार्फत बतायेगा कि अब पानी सड़क पर बहने वाला है।

हालांकि एक मैनहोल पर करीब 50 हजार रूपए का खर्चा जायेगा और अगर 30 हजार मैनहोल पर सेंसर लगेगा तो करोड़ों का खर्चा आयेगा। इसलिए अब इसका सिर्फ परीक्षण करने के लिए 100 मैनहोल को चुना गया है।

महेन्द्र ने फरारी में भी की एमडी सप्लाई

बीकानेर, (कासं)। शाहरुख हत्याकांड में गिरफ्तार महेन्द्र बिश्नोई एमडी सप्लायर है। फरारी के दौरान भी उसने तस्करी का काम किया। पुलिस ने पिछले साल जुलाई में हुए शाहरूख हत्याकांड के आरोपी महेन्द्र बिश्नोई को 30 जून तक रिमांड पर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हत्याकांड से पहले अप्रैल में एमडी तस्करी के मामले में भी वह फरार चल रहा था। फरारी के दौरान वह नागौर, फलौदी में रहकर एमडी सप्लाई करता रहा। उसने अपने बड़े भाई सुशील बिश्नोई को नागौर में एमडी दी थी जिसे लेकर वह बीकानेर पहुंचा। पुलिस ने उसे रोडवेज बस स्टैंड के पास गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में भी पुलिस को महेन्द्र की तलाश थी। बीछवाल पुलिस थाने के एसएचओ गोविन्द सिंह चारण ने बताया कि शाहरूख हत्याकांड के आरोपी सगे भाई महेन्द्र और उसके भाई को जयपुर के होटल से गिरफ्तार कर बीकानेर लाया गया। महेन्द्र से पूछताछ में सामने आया है कि वह अपने भाई के साथ 22 जून को फलौदी से जयपुर पहुंचे और सिंधी कैम्प बस स्टैंड के पास होटल अभिनंदन में रूके थे। महेन्द्र से एमडी तस्करी के सरगनाओं के बारे में पूछताछ होगी।

डूडी के जन्मदिन पर ख्वाजा साहब को चादर चढ़ेगी

बीकानेर, (कासं)। किसानों व हर वर्ग के हितैषी रामेश्वर डूडी के 1 जुलाई के जन्मदिन के मौके पर पूरे प्रदेश में वृक्षरोपण, ब्लड डोनेशन, पूजा पाठ की जायेगी। वहीं डूडी परिवार ओर राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी यूथ फैडरेशन की ओर से अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में चादर चढ़ाई जायेगी।

फैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद रमजान रंगरेज़ ने बताया कि डूडी लगभग पिछले 2 साल से अस्वस्थ है। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ ओर लम्बी दीर्घायु की दुआ की जायेगी।

खुले बिजली के तार दे रहे हैं हादसे को न्यौता

बीकानेर, (कासं)। उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज में हादसे के बाद भी पीबीएम अस्पताल प्रशासन ने कोई सीख नहीं ली है। अस्पताल की छत पर खुले तार आज भी दुर्घटना को न्यौता दे रहे हैं। सफाई के दौरान ये तार सफाई कर्मचारियों के लिए जान का जोखिम बन रहे हैं। न सिर्फ तार बल्कि एक वार्ड के टॉयलेट की साल भर पहले गिरी दीवार आज भी फिर से गिरने को तैयार है।

अस्पताल के मुख्य प्रशासनिक भवन से आगे प्रिंस बिजय सिंह की मूर्ति की ओर आगे बढ़कर जब छत पर चढ़ते हैं तो वहां सिर्फ और सिर्फ कचरा नजर आता है। इसी कचरे के बीच भारी भरकम तार खुले पड़े हैं। हैवी लोड वाले ये तार हवा के एक झौंके से जब आपस में चिपकते हैं तो न सिर्फ धमाका करते हैं बल्कि इसमें आग भी नजर आती है। दोपहर ही एक सफाई कर्मचारी इस करंट की चपेट में आता-आता बच गया। उसके झाड़ू से जब तार आपस में चिपके तो जोर से धमाका हुआ और आग की लपटें दिखाई देने लगी। गनीमत रही कि सफाई कर्मचारी के हाथ में झाड़ू का लकड़ी का डंडा था और वो थोड़ी दूरी पर खड़ा था। अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा को इस बारे में जानकारी दी गई ।

दोस्त रहे युवक-युवती ने परस्पर मुकदमे दर्ज कराए

श्रीगंगानगर, (कासं)। यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान दोस्त रहे युवक व युवती ने परस्पर गंभीर आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाए हैं।

युवती ने सदर थाने में युवक पर फोन हैक करने, आपत्तिजनक मैसेज करने, पीछा कर परेशान करने जैसे आरोप लगाये हैं। दूसरी ओर युवक ने पुरानी आबादी थाने में 25 जून को केस दर्ज करवाया है। इसमें युवती और उसके एक दोस्त पर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाये हैं।

पुरानी आबादी थाने में वार्ड नंबर 17 निवासी व्यक्ति ने दी रिपोर्ट में बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को उसके पुत्र की जान-पहचान आरोपिया युवती से हुई थी। जान-पहचान के बाद दोनों दोस्ती हो गई। परिवादी के अनुसार कुछ दिन पहले आरोपिया परिवादी की मैरिज एनिवर्सरी पर उसके घर आई तब उसके पुत्र ने परिवार वालों को बिना कुछ बताये उसे 9 ग्राम सोने की अंगूठी और 50 हजार रूपए दे दिए। अंगूठी के बारे में परिवादी ने अपने बेटे से पूछा तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परिवादी ने आरोप लगाया कि युवती झूठा केस दर्ज करवाने की धमकी देकर उसके बेटे को 4 माह से ब्लैकमेल कर रही है। धमकी देकर 3 लाख रूपए मांग रही है। आरोप है कि युवती ने परिवादी के बेटे को ब्लैकमेल कर उससे 80 हजार रूपए और सोने की अंगूठी ले रखी है। पुरानी आबादी थाने में युवती के खिलाफ दर्ज केस की जांच कर रहे एएसआई हेतराम छींपा के अनुसार युवती श्रीगंगानगर शहर की निवासी है। युवक श्रीकरणपुर व हाल पुरानी आबादी एरिया का निवासी है। दोनों की एक ही यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान दोस्ती हुई थी। दूसरी ओर सदर थाने में दर्ज करवाए मुकदमे में युवती ने उक्त युवक पर मोबाइल फोन हैक कर डाटा चुराने व युवती को मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज भेजकर परेशान और बदनाम करने की धमकियां देने के आरोप लगाए हैं। आरोप है कि युवक, युवती का आते जाते पीछा करता है। केस की जांच रीको चौकी प्रभारी एएसआई जाकिर हुसैन ने युवती को साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा है।

नोखा पालिका ईओ का पदभार संभाला

नोखा, (कासं)। नगर पालिका में प्रशिक्षु आईएएस स्वाति शर्मा ने ईओ के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ जोन-1 बी की कार्यकारिणी ने उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष सीमा मिश्रा के नेतृत्व में फाउंडेशन की टीम ने स्वाति शर्मा को गुलदस्ता भेंट किया। सीमा मिश्रा ने बताया कि स्वाति की प्राथमिक शिक्षा कोलकाता में हुई। उन्होंने जमशेदपुर से कॉलेज की पढ़ाई पूरी की। तीसरे प्रयास में उन्होंने यह सफलता हासिल की। स्वागत कार्यक्रम में नोखा तहसील की महामंत्री प्रियंका उपाध्याय समेत विजय रांकावत, संगीता गौड़, सीमा शर्मा, जय ओझा, रचना, दशरथ गौड़ मौजूद थे। नारायण राजपुरोहित और मनोज उपाध्याय मौजूद रहे।

स्मृति ईरानी बोली कौन कब खेलेगा, यह कैप्टन तय करता है

बीकानेर, (कासं)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि तेंदुलकर चाहे बैंच पर बैठा हो या फिर क्रीज पर हो उनकी उपलब्धियों को नकारा नहीं जा सकता। क्रिकेट में कब, कौन खेलेगा ये बेट्समैन नहीं बल्कि कैप्टन तय करता है। कैप्टन कौनसी पारी खिलवाते हैं और कौनसी श्रृंखला में खिलवाते हैं, यह उन्हें ही तय करना होता है। दरअसल ईरानी शुक्रवार को बीकानेर पहुंची थी। एक सवाल में जवाब में उन्होंने क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धियों को कोई नकार नहीं सकता। वे आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने बीकानेर आई थी। पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 25 साल से भारतीय जनता पार्टी में सामान्य कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही हूं। अमेठी में भाजपा की हार से जुड़े सवाल पर ईरानी ने कहा कि अमेठी में हार के बाद भी मैंने काम किया है। पहली बार जब भाजपा को सांसद की सीट मिली, तब वहां जिला परिषद के चुनाव हमने जीते।

प्रत्येक ब्लॉक में ममता कार्ड की उपलब्धता

बीकानेर, (कासं)। जिला पोषण अभिसरण की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

इस त्रैमासिक बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि विभाग में मॉनिटरिंग बारीकी से नहीं की जा रही है। काम किसी अन्य के भरोसे छोड़ा जा रहा है।

यह ठीक स्थिति नहीं है। जिला कलेक्टर ने आधार फेस मैचिंग, प्री स्कूल एजुकेशन समेत विभिन्न बिन्दुओं पर कम प्रोग्रेस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगले महीने तक प्रोग्रेस नहीं दिखी तो सीधे चार्जशीट दी जायेगी।

जिला कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ममता कार्ड की अनुपलब्धता को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक को सीएमएचओ को डीओ लेटर लिखकर ममता कार्ड प्रत्येक ब्लॉक पर बीसीएमओ कार्यालय में उपलब्ध करवाने और बफर स्टॉक रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि ममता कार्ड के अभाव में महिलाओं को सरकार की बहुत योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल पायेगा।

लिहाजा इसकी उपलब्धता हर

- **कलेक्टर ने आधार फेस मैचिंग, प्री स्कूल एजुकेशन समेत विभिन्न बिन्दुओं पर कम प्रोग्रेस पर नाराजगी जताई करते हुए कहा कि अगले महीने तक**

हाल में सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि सीएसआर फंड से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हाईट चार्ट स्टीकर और वेट मशीन उपलब्ध करवाए जायेंगे। साथ ही जर्जर और नए आंगनबाड़ी केन्द्र डीएफएफटी फंड से बनाए जाने की बात कही।

बैठक में कलेक्टर के अलावा सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई, जिले के सीडीपीओ बीकानेर शहर शक्ति सिंह, बीकानेर ग्रामीण नवरंग लाल, लूणकरनसर निर्मला दुबे मौजूद थी।

कोलायत श्रीमती राजेश कंवर, सुबोध जोशी, बज्जू कुलदीप चारण, लेखाधिकारी जुगल किशोर शर्मा समेत अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101388 **लोक सूचना** दिनांक : 27.6.2025

श्रीमती विद्या देवी पत्नी स्व. श्री रामकिशन निवासी चक 2 ई छोटी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 2 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्रीमती विद्या देवी पत्नी स्व. श्री रामकिशन	चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 71 के किला नं. 7 में 0.253 है. में से 0.0996 है. किला नं. 8 में 0.253 है. किला नं. 9 में 0.253 है. किला नं. 10/1 में 0.2280 है. किला नं. 10/2 में 0.0250 है. (खाला), यथाकुल 0.8586 है.	कुल 0.8586 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27.06.2025 को जारी की गयी। - **प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4175 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.6.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मोनिका पत्नी श्री रामदेव सियाग निवासी म.नं. 1829 होमलैण्ड सिटी-द्वितीय, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 एफ छोटी मुरब्बा नं. 26 किला नं. 07 में माप 30 इंटू 60 फीट भू.सं. जीएच-1381, होमलैण्ड सिटी-2, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 5607 दिनांक 2.12.2016 को ए बी जैड इन्फ्रा प्रा. लि. जरिये डायरेक्टर निखिल मित्तल पुत्र श्री संजीव मित्तल के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती मोनिका पत्नी श्री रामदेव सियाग द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 17.11.2023 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के अपने नाम से नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती मोनिका पत्नी श्री रामदेव सियाग निवासी म.नं. 1829 होमलैण्ड सिटी-द्वितीय, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूरक्षा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/208 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4147 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 25.6.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेश कुमार पुत्र श्री छेलूराम एवं श्रीमती उषा रानी पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी भुरानपुरा, चक 11 आर डब्लयू डी, तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़ के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 28 किला नं. 4,5 में माप 30 इंटू 60 फीट भू.सं. 57, होमलैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 6036 दिनांक 31.5.2008 को श्री हरमेन्दर सिंह पुत्र श्री सुरजीत सिंह अठावाल के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री नरेश कुमार एवं उषा रानी द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 8.1.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री नरेश कुमार पुत्र श्री छेलूराम एवं श्रीमती उषा रानी पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी भुरानपुरा, चक 11 आर डब्लयू डी, तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूरक्षा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/290 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

उपभोक्ता सावधान!

बचत के सितारे दोस्त हमारे

दिखाए गए सभी एसी और रेफ्रिजरेटर मॉडल्स बी ई ई की ऊर्जा दक्षता रेटिंग में विफल पाए गए हैं।

Whirlpool CORPORATION

3 स्टार
रूम एयर कंडीशनर (परिवर्तनीय गति)
मॉडल नंबर: SAI18B33DEJ0

3 स्टार
रूम एयर कंडीशनर (परिवर्तनीय गति)
मॉडल नंबर: SAI12B32MCD0

T-Series CONSUMER ELECTRONICS
1 स्टार
डायरेक्ट कूल रेफ्रिजरेटर
मॉडल नंबर: TSR-2WTSF230

विफल
T-